संख्या:20 चार एम/ XXXVI (1)/10 26 चार एम/05

प्रेषक,

राम सिंह,
प्रमुख सचिव न्याय एवं विधि परामर्शी,
उत्तराखण्ड शासन ।

सेवा में,

जिलाधिकारी,
उधमसिंह नगर ।

न्याय अनुभाग 1 देहरादून : दिनांक 08 फरवरी, 2011

विषय: श्री नन्दन सिंह धामी, अधिवक्ता, को जिला उधमसिंह नगर में जिला शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी) के रिक्त पद पर आबद्ध किया जाना ।

महोदय,

उपरोक्त विषयक आपके पत्र संख्या-1734/20-न्याय सहा0/2010 दिनांक 22 दिसम्बर, 2010 के सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि जिला उधमसिंह नगर के फौजदारी न्यायालयों के समक्ष पैरवी/प्रतिवाद करने हेतु शासन द्वारा सम्यक विचारोपरान्त श्री नन्दन सिंह धामी, अधिवक्ता, जिला उधमसिंह नगर को जिला शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी) के पद पर शासनादेश संख्या 246/XXXVI (1)/ 09 7 चार/05 दिनांक 27 अगस्त, 2009 (छायाप्रति संलग्न) द्वारा निर्धारित फीस दरों पर प्रतिधारक के रूप में आबन्धन पत्र में उल्लिखित शर्तों अधीन 01 वर्ष के लिए आबद्ध किया जाता है। उनका आबन्धन पत्र एतद् संलग्न है ।

2 अतः आपसे अनुरोध है कि कृपया सम्बन्धित अधिवक्ता के आबन्धन-पत्र उन्हें तुरन्त उपलब्ध कराते हुए उनसे लिखित सहमति एवं आयु का प्रमाण पत्र, अधिवक्ता पंजीकरण प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रतिलिपि तथा उनके आवास का विवरण प्राप्त होने पर शासन को यथाशीघ्र भेजने का कष्ट करें ।

3 श्री नन्दन सिंह धामी, यदि इस समय शपथ-आयुक्त, नामिका वकील, नोटरी या इस प्रकार के अन्य किसी शासकीय पद अथवा समकक्ष पद पर कार्यरत हो, तो उनसे उक्त पद से त्याग पत्र प्राप्त कर लिया जाय तथा इसकी सूचना शासन को भी दी जाय ।

4 मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि यदि आबंधित अधिवक्ता लिखित सहमति तथा अपेक्षित प्रमाण-पत्र प्रस्तुत कर दें तो उक्त प्रस्तुत किये जाने की तिथि से आप न्यायालय का कार्य जिला शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी) के रूप में उक्त अधिवक्ता से प्रारम्भ करा दें ।

भवदीय,

संलग्नक: उपरोक्तानुसार ।

(राम सिंह)
प्रमुख सचिव ।

संख्या:20 चार-एम/ XXXVI (1)/10 तद्दिनांक ।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1 निजी सचिव मा0 मुख्यमंत्री उत्तराखण्ड ।
2 स्टाफ आफीसर, मुख्य सचिव, उत्तराखण्ड शासन ।
3 जिला न्यायाधीश, उधमसिंह नगर ।
4 वरिष्ठ कोषाधिकारी, उधमसिंह नगर ।
5 श्री नन्दन सिंह धामी, अधिवक्ता, जिला न्यायालय परिसर, रुद्रपुर, जिला उधमसिंह नगर।
6 एन.आई.सी./गार्ड फाइल ।

आज्ञा से,

(प्रेम सिंह खिमाल)
अपर सचिव ।